# कार्यालय पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी।

पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी जोगेन्द्र कुमार के कुशल निर्देशन में झाँसी परिक्षेत्र के अधीनस्थ जनपद झाँसी/जालौन द्वारा किये गये सराहनीय कार्य व घटनाओं के अनावरण का दैनिक समाचार पत्रों में प्रमुखता से किया गया प्रकाशनः–

जनपद–झाँसी

## जुआ खेलते 3 को पकड़ा

झाँसी : प्रेमनगर पुलिस ने कसाई बाबा मोहल्ला में जुआ खेलते हुए नवल झा, हरीकिशन व राहुल वर्मा को पकड़ लिया। पुलिस ने जुआ फड़ से 3800 रुपए और जुआरियों की तलाशी में 270 व ताश के पत्ते बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

जनपद–जालौन

## चाकू के साथ युवक को पुलिस ने दबोचा

जालौन। वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े युवक को पुलिस ने छुरी समेत पकड़ा। एसआई रमेशचंद्र को सूचना मिली कि बंगरा रोड पर छहपुला के पास घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। युवक ने अपना नाम सद्दाम उर्फ लुक्खा निवासी तोपखाना बताया।

जनपद–झाँसी

## गाँजा व तमंचा समेत दो आरोपी गिरफ्तार

झाँसी : प्रेमनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो आरोपियों को पकड़ा। उनके पास से 5 किलो गाँजा और तमंचा बरामद होने पर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम रक्सा के पुनावली रोड निवासी विकास व बल्लमपुर निवासी शिवम अहिरवार बताया।

Twitter id:- @rangejhansi